06 आपसी सामंजस्य नहीं बनने के कारण नगर...

07 बाढ़ के डर से बदला स्थान, अब कराहल से संचालित...


## समाचार संक्षेप

### तहसील कुंभराज के ग्राम सानई में रास्ते के अतिक्रमण को हटाया



**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिले में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में तहसील कुंभराज के ग्राम सानई में मंगलवार को शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत ग्रामवासियों द्वारा की गयी थी, जिस पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर विधिवत कार्रवाई करते हुये अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार मोतीलाल पंथी, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील, पटवारी लक्ष्मी नारायण कुशवाहा एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कदम तथा आरक्षक नीरज धाकड़ सहित ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच, ग्राम कोटवार राकेश पाटीदार उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जनअभियान परिषद ने बजरंगगढ़ में किया पौधारोपण

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड मां के नाम अंतर्गत वृहद पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ब्लॉक गुना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों मे पौधारोपण कर पौधों को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ के ग्राम माना कालोनी में 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत 5 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल द्वारा कहा गया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। इनके बिना जीवन सम्भव नही है। इसलिए हम 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत पौधारोपण करें तथा दूसरे लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के छात्र उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 334.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** गुना जिले में 01 जून से अब तक 334.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 31.7 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 298.2 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 16 जुलाई 2024 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 302.1 मिलीमीटर, बमौरी में 358.0, आरोन में 184.0, राघौगढ़ में 478.0, चांचौड़ा में 324.0, कुम्भराज में 438.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 255.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 18.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 3.0 मिमी., बमोरी में 13.0 मिमी., आरोन में 25.0 मिमी., राघौगढ़ में 25.0 मिमी., चांचौड़ा में 8.0 मिमी., कुंभराज में 56.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 2.2 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### डीएलएड द्वितीय वर्ष की आयोजित परीक्षा में 1011 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**गुना।** सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मण्डल द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम डी.एल.एड. नियमित परीक्षा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय परीक्षा 2024 दिनांक 12 जुलाई से 02 अगस्त 2024 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।प्राचार्य उत्कृष्ट उमावि गुना ने बताया कि आज जिले में चार परीक्षा केंद्रों पर डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के 1020 दर्ज में से 1011 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देश में परीक्षा के सफल संचालन के लिए उड़नदस्ता दल के रूप में तहसीलदार गुना (नगरीय) जीएस बैरवा एवं नायब तहसीलदार गुना (नगरीय) श्रीमति आरती गौतम को नियुक्त किया गया है एवं जिला स्तर पर विभिन्न अधिकारियों को उड़नदस्ता दल एवं प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### मामला दूल्हा बने पारदी युवक की मौत का, पुलिस प्रशासन पर लगाए आरोप

# पारदी महिलाओं ने अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम भिडरा में हुई चोरी के मामले में पूछताछ के लिए लाए गए पारदी युवक की पुलिस अभिरक्षा में हुई संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में आधा सैकड़ा से अधिक पारदी महिलाओं ने अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। मृतक की रविवार को शादी होनी थी, वह सज संवर कर हाथों में महंदी लगाकर शेरवानी पहनकर बारात लेकर दुल्हन को वयाहने निकल ही रहा था तभी जिले की म्याना, झागर, रुठियाई एवं धरनावदा पुलिस ने दबिश देकर उसे और उसके चाचा को उठा लिया। रविवार देर रात परिजनों को उसकी मौत की खबर लगी। जिसके बाद बड़ी संख्या में परिवार की महिलाएं सहित होने वाली दुल्हन जिला अस्पताल पहुंची। यहां महिलाओं ने पुलिस पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। यहीं नहीं होने वाली दुल्हन ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की थी। एसडीओपी भी झुलस गए थे। एक अन्य महिला पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने का प्रयास करने लगी थी जिसे टीआई ने कंधे का सहारा देकर कर उतारा। घटनाक्रम 13 जुलाई से शुरू हुआ जब भोपाल, राजगढ़ सहित अन्य जगह हुई चोरी के मामलों में संबंधित पुलिस बल और रुठियाई, धरनावदा तथा झागर चौकी के पुलिस बल ने देर रात धरनावदा थाने से करीब 8 किलोमीटर दूर पारदियों के गांव पर दबिश दी।

इस दौरान पारदी समाज के लोगों ने पुलिस टीम ने हमला कर दिया था। इस हमले में एक एएसआई सहित पुलिस के 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। वहीं आरोपी रात के अंधेरे में मोटर सायकिलों से जंगलों में भाग गए थे। मामले में पुलिस ने



महिलाओं सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया था। जिसके बाद अगले दिन म्याना, झागर एवं रुठियाई पुलिस ने इसी मामले में बीलाखेड़ी निवासी देवा और उसके चाचा गंगाराम को पारदी को डकैती के केस में पूछताछ के लिए उठा लिया था। जिसके बाद पुलिस उसे उसकी हालत बिगडऩे पर पहले म्याना अस्पताल फिर जिला अस्पताल लेकर आई। यहां उसकी मौत हो गई थी। देवा की मौत की सूचना मिलते ही उसकी होने वाली दुल्हन और उसकी चाची समेत पारदी समाज की महिलाएं मिनी ट्रक से जिला अस्पताल पहुंची। यहां हंगामा हुआ दुल्हन ने खुद को आग लगाने के लिए अपने शरीर पर पेट्रोल डाल लिया और आत्मदाह की कोशिश करने लगी। सोमवार सुबह शव के पीएम के दौरान भी जमकर हंगामा हुआ। हालांकि बाद में परिजन शव लेकन अंतिम संस्कार करने चले गए। इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश हुए हैं। मंगलवार को फिर से आधा सैकड़ा महिलाएं एकत्रित होकर कलेक्ट पहुंची और फिर से हंगामा शुरू कर दिया। बड़ी मशक्कत के बाद भारी पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों ने इस पूरे मामले को काबू किया। बताया गया है कि मृतक और उसके चाचा पर बहुत से गंभीर मामले दर्ज हैं।

## हुसैन ने तीरों की बौछार में नमाज पढ़कर भूखे प्यासे परिवार को कुर्बान कर दिया शांति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

हिजरी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के प्रथम दस दिवस बोहरा समाज में इमाम हुसेन और उनके परिवार पर ढाए जुल्मो सितम को दर्द के साथ याद कर मनाए जाते हैं। यह सिलसिला 1400 वर्षों से पूरी दुनिया मे अनवरत जारी है। स्थानीय बोहरा मस्जिद में भी मुहर्रम की दूसरी तारीख से वाज प्रवचन का सिलसिला जारी हे। मंगलवार दसवी मुहर्रम को बोहरा समाज ने योमे आशूरा मनाया। मुम्बई से आए मुर्तजा बिन कैजार भाईसाहब ने इमाम हुसैन की शहादत पढ़ी। इमाम हुसैन और उनके पूरे परिवार जिसमे 6 महीने के छोटे बच्चे, नन्ही बच्चियां महिलाएं आदि शामिल थे। सीरिया के क्रूर शासक यजीद की सेना द्वारा 1400 वर्ष पूर्व सातवी मुहर्रम को पानी बंद कर दिया गया था। 3 दिन तक हुसैन का पूरा परिवार तथा उनके साथी भूखे प्यासे तड़पते रहे और 10 मुहर्रम को इमाम हुसैन और उनके बेटे भाइयों सहित 72 साथियों को बेरहमी से प्यासा क़त्ल कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि अब्बास को इमाम हुसेन ने जंग की इजाजत नही दी थी। पूरा



कुनबा तीन दिन की भूख और प्यास से बेहाल था। छोटे बच्चे माओं की गोद में दुबके बेठे थे। उनमे इतनी ताकत भी नही बची थी के आवाज निकल सके। इमाम हुसेन की नन्ही बच्ची सकीना ने तीन दिन की भूख और प्यास से तड़पते हुए छोटी सी मश्की पानी लाने के लिए अपने चचा अब्बास को थमाई। अब्बास ने इमाम हुसेन से पानी लाने की इजाजत मांगी थी। इजाजत मिलते ही वे पानी भरने नहर पहुचे थे जहां यजीद की फौज ने दोनों हाथ काटने के बाद उनका बेदर्दी से कत्ल कर दिया था। हुसैन और उनके बेटों, भाइयों, साथियों के दर्दनाक कत्लेआम के पश्चात हुसैन के परिवार की महिलाओं को कर्बला से 900 किलोमीटर दूर शाम ऊंटों पर लादकर तथा उनके एकमात्र जीवित बचे पुत्र इमाम ज़ेनुलआबेदीन को कोड़े मरते हुए पैदल ले जाया गया। वहां यज़ीद के दरबार में इमाम हुसैन की मासूम पुत्री को पिता की याद में रोता देख हुसैन का कटा सिर थमा दिया गया जिसके कारण दहशत में उस बच्ची ने वहीं दम तोड़ दिया। यूँ तो मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर में उन चार महीनों में से एक है जिन्हें हुर्मत वाला कहा जाता है और जिसमें जंग की इजाज़त नहीं है लेकिन कर्बला के दिलसोज़ हादसे ने मुहर्रम के मायने ही बदल डाले। आज जब भी मुहर्रम का नाम आता है तसव्वुर में कर्बला की तस्वीर उभर आती है। कर्बला के हादसे ने इंसानियत के दिल पर गहरे निशान छोड़े हैं। एक तरफ़ ज़ुल्म की हद थी, एक तरफ़ सब्र की इंतहा। ज़ुल्म की मिसाल तो आज भी मिल जाती है मगर सब्र की मिसाल कोई न ला सका हज़रत इमाम हुसैन का ज़िक्र सुन कर किसी भी साहिबे ईमान की आँख नम हो जाना एक फ़ितिरी अमल है।

बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन इन दिनों पाकिस्तान में प्रवचन कर रहे हैं। जिसका प्रसारण आठवी मुहर्रम रविवार को देश के साथ गुना मस्जिद में भी किया गया। पहले दिन से ही बोहरा जमात खाने में दोनों समय के भोजन की व्यवस्था धर्मगुरु साहब की ओर से रखी गई है। कार्यक्रम का समापन मंगलवार को आशूरा पर्व के साथ हो जाएगा। इस वर्ष समस्त सेवाओं और व्यवस्थाओं का जिम्मा रियाज जमा एवं मुस्तफा जमा द्वारा बखूबी संभाला गया।

## आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विमलचंद कुशवाह की हत्या करने वाले आऱोपियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग एवं अनावेदक द्वारा आवेदक व उसके परिवार को जाने से मारने की धमकी देने की शिकायत जन सुनवाई में की है। दिनेश पुत्र जयनारायण कुशवाह निवासी ग्राम सावतखेडी ने बताया कि 13 जुलाई 2024 को रात्रि 10 बजे विमलचंद पुत्र जयनारायण कुशवाह ग्राम सावतखेडी की हत्या आरोपीगण मनोज कुशवाह पुत्र दिमानसिंह कुशवाह, सोनू कुशवाह, प्रधुमन्न कुशवाह द्वारा विमलचंद कुशवाह के ग्राम सावतखेडी में स्थित मकान मे पीछे से घुसकर की। मनोज कुशवाह गिरफ्तार हो चुका है प्रधुमन्न कुशवाह, सोनू कुशवाह फरार हैं एवं उक्त फरार आरोपीगण द्वारा लगातार आवेदक के परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। 14 जुलाई को शाम 8 बजे उक्त दोनो आरोपी प्रधुमन्न कुशवाह, सोनू कुशवाह, आवेदक के घर पर आये और आवेदक को जान से मारने की धमकी दी बोले कि अभी एक को मारा अब तुम सभी परिवार वालो को जान से मार देगे। तुम्हारा वंश मिटा देगे एंव लगातार जान से मारने की कोशिश की जा रही है। उक्त फरार आरोपी प्रधुमन्न कुशवाह, सोनू कुशवाह को गिरफ्तार किये जाने की आवश्यकता है जिससे आवेदक के परिवार की सुरक्षा हो सके और हमारे साथ कोई घटना कारित होती है तो इसके जिम्मेदार प्रशासन होगी। फरार आरोपी प्रधुमन्न कुशवाह, सोनू कुशवाह, मोबाइल, व चाकू लेकर भग गये है उक्त संबंध में 13/07/2024 को रात्रि 10 बजे थाना राधौगढ में रिपोर्ट दर्ज कराने पर भी पुलिस द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही की गई है।

### पूर्व के समस्त संबंधित किसानों व कर्मचारियों की बकाया राशि का भुगतान करने की मांग

# नारायणपुरा स्थित बंद पड़े शक्कर कारखाने को पुन: चालू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शक्कर कारखाना चालू करो संघर्ष समिति द्वारा राधौगढ़ तहसील स्थित बन्द पड़े नारायणपुरा शक्कर कारखाना को चालू कराने हेतु आवश्यक कदम उठाने व कारखाना में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा संबंधित किसानों-कर्मचारियों की पूर्व की बकाया राशि का भुगतान करने की मांग पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि गुना जिले की राघोगढ़ तहसील में नारायणपुर शक्कर कारखाना वर्ष 2000 में शुरू किया गया था। शक्कर कारखाना के शुरू होने से ही आसपास के क्षेत्र के किसानों की तरक्की के द्वार खुल गए थे। ओलावृष्टि,अतिवृष्टि व सूखा इत्यादि प्राकृतिक प्रकोप से नष्ट होने वाली फसलों की बजाय किसान गन्ने की खेती करने लगे थे जिससे उन्हें काफी लाभ मिल रहा था। लेकिन अचानक घाटे का सौदा बताकर वर्ष




2017-18 में इस कारखाने को किसानों से बिना कोई सलाह मशवरा किए बंद कर दिया गया। बंद होने तुरंत बाद से ही इसे चालू करने को लेकर किसान लगातार आंदोलन चला रहे हैं लेकिन उनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। विगत वर्ष आयोजित किसान महापंचायत हो या अक्टूबर माह में निकाली गई विशाल किसान रैली हो जिसमें सैंकड़ों किसानों ने शक्कर कारखाना को चालू करने की मांग पर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दिया था लेकिन अभी तक कोई जवाब जिला प्रशासन की तरफ से किसानों को नहीं दिया गया है। पिछली वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस के दोनों ही उम्मीदवारों ने कई चुनावी सभाओं में जनता के सामने घोषणा की थी चुनाव जीतने के बाद वो इस कारखाने को शुरू कराएंगे। चुनाव में जनता ने वोट भी उन्हें इसी उम्मीद से दिया था कि कारखाना चालू हो लेकिन चुनाव के बाद कोई भी इस कारखाने को लेकर चिंतित नजर नहीं आ रहे हैं।

सरेआम चोरी हो रही है कोई इनकी तरफ ध्यान नही दे रहा है। जनता को ये समझना होगा कि जिन उम्मीदवारों ने कारखाना चालू कराने का वादा किया था असल मे वो सिर्फ किसानों को धोखे में रखने वाला चुनावी जुमला था। आज किसानों-मजदूरों को खुद ही अपने हक के लिए संगठित होकर आगे आना होगा। समिति का कहना है कि अगर शासन प्रशासन द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से नही लिया गया तो किसान आगामी समय मे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 308 आवेदन आए

**गुना।** जिला कलेक्ट्रेट के जनुसनवाई कक्ष में मंगलवार को कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं और निराकरण के निर्देश दिये गये। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, संयुक्त कलेक्टर महेश बमन्हा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमति जिया फातिमा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल सिंह सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। आज जिला स्तर पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, बैंक, सहकारिता, वन, स्वास्थ्य, नगर पालिका, ग्रामीण विकास विभाग, पुलि स विभाग, खाद्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 308 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान पारदी समुदाय की महिलाओं द्वारा देवा पारदी की पुलिस कस्टडी में मौत से संबंधित कार्यवाही के संबंध में आवेदन दिया जिसे कलेक्टर द्वारा गंभीरतापूर्वक सुना तथा उन्हें अवगत कराया गया कि प्रकरण की न्यायिक जांच हो रही है। जिले में सभी अनुभाग स्तर पर भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा विकास खण्ड स्तरीय अमले के साथ बैठकर आवेदकों से प्राप्त आवेदन/शिकायत से संबंधित जनसुनवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### 30 लोगों का चालान कर जुर्माना भी वसूला



**टीकमगढ़।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्ग दर्शन में संपूर्ण जिले के लगभग 250 स्कूल एवम यात्री वाहनों के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जिनमें दस्तावेज़ ,चालक की वर्दी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स आदि का अवलोकन किया गया। साथ ही आवश्यक हिदायत दी साथ ही चालानी करवाही करते हुए 30 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 65 हजार 800 का समन शुल्क वसूल किया गया। इस कार्यवाही में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी साहिबान एवं उनकी टीमों के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बम्हौरी बराना स्कूल में किया गया पौधरोपण



**बम्हौरी बराना।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बम्होरी में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ जिसमें एक दर्जन पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य मोहनलाल रैकवार में छात्रों को पौधारोपण के महत्व के बारे में बताया है कि हम सबको एक-एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए । इस दौरान समाज सेवी संजय सोनी ने कहा है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है जिससे आसपास लगे पेड़ों से वातावरण शुद्ध रहता है। इन्हीं पेड़ों से लोगों और जीव जंतुओं को ऑक्सीजन की पूर्ति बनी रहती है। कार्यक्रम मे एस के कश्यप, प्रहलाद सिंह दांगी, करन सिंह दांगी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित ग्रामवासी शामिल है।

### 17 से बंद हो जाएंगे सभी प्रकार के मांगलिक कार्य

**विदिशा।** देवशयनी एकादशी इस बार 17 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन से भगवान विष्णु 4 महीने की योग निद्रा में चले जाएंगे। और उसी दिन से मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। देवशयनी एकादशी से देवी-देवताओं का शयन काल प्रारंभ हो जाएगा। विवाह आदि मंगल कार्यों का आखिरी मुहूर्त 15 जुलाई को भड़लिया नवमीं पर है। इसके बाद 17 जुलाई से देवशयन काल शुरू हो जाएगा, जो 11 नवंबर तक रहेगा। इस बार देवशयन काल 118 दिनों का रहेगा। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ फिर से विवाह आदि मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

### शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की

**विदिशा।** जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में स्कूलों की साफ सफाई पंचायत के माध्यम से कराने, पहुंच मार्ग, बाउंड्री बाल के निर्माण, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं सायकिल वितरण, मध्यान्ह भोजन वितरण पर चर्चा हुईं। बैठक के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्काउट गाइड जिला संघ के जिलासचिव हरिहर चतुर्वेदी एवं जिलासंगठक अनीता सोनेवाने के सहयोग से आम एवं अशोक के पेड़ लगाए गए।

### कन्यादान योजना में 12 जोड़ों का विवाह

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 12 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए। सभी जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत उन्नचास हजार रुपए का चेक वर और वधू को अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। शादी के दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा हाथों में हल्दी चंदन लगाकर कन्या का कन्यादान किया गया। वर और वधू ने सात वचन और सात फेरे लेकर सात जन्मों का वादा किया मंच पर सभी जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी के पवित्र बंधन में बंधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया।

# पुलिस कप्तान ने दी महिलाओं को नए अधिनियमों की जानकारी

**आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल ने यातायात नियमों सहित गुड सेमेटिरन योजना के बारे में बताया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा थाना, चौकी क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों में 1 जुलाई 2024 से देश में लागू किए गए तीन अपराधिक कानून के बारे में जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा मंगलवार 16 जुलाई 2024 को नगर के सिविल लाईन स्थित एक निजी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 3 नवीन अपराधिक अधिनियम-2023, सड़क सुरक्षा एवं गुड सेमेरिटन (अच्छे व्यक्ति) योजना एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्कूल की छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किए गए 3 नवीन अपराधिक अधिनियम-2023 के बारे में बताते हुए ई-ए फ़ आ इ आ र , जी रो




एफआईआर,साक्ष्य संकलन की नवीन विधि ,महिलाओं,बच्चों हेतु किए गए प्रावधान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी प्रकार साइबर क्राइम सुरक्षा में बताया कि सोशल मीडिया की आईडी पर आवश्यक जानकारी न बताएँ,फेक आईडी न बनाएँ , अनजान मोबाइल नंबर से आए कॉल को वेरीफाई करे एवं यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए गुड सेमेरिटन योजना ,ओवरस्पीड में वाहन न चलाने ,हेलमेट/सीटबेल्ट की उपयोगिता,वाहन चलाने हेतु लायसेंस की अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा दी गई जानकारी के संबंध में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल में अध्ययनरत 396 छात्र-छात्राएं, स्कूल प्रबंधन पदाधिकारी, शिक्षक, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड के बंधा चार्तुमास करेगी आर्यिकाएं

**टीकमगढ़।** बुंदेलखंड की पावन वसुंधरा पर स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बंधाजी में आचार्य विद्यासागरमहाराज की शिष्या एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका अकंप मति माता एवं आर्यिका अचल मति माता का मंगल चातुर्मास बंधाजी होने जा रहा है। माता का पद बिहार कुंडलपुर से बंधा जी के लिए चल रहा है। सोमवार को माता का आगमन अतिशय क्षेत्र पपौरा से नंदीश्वर कॉलोनी टीकमगढ़ में हुआ।



मंगलवार को माता का बिहार नंदीश्वर कॉलोनी टीकमगढ़ से बंधा जी के लिए हुआ। माता संघ का बंधा में मंगल प्रवेश शुक्रवार को होगा बंधाजी में आचार्य का मंगल आशीष हमेशा से मिलता आ रहा है। इसके पहले सन 2012 में मुनिश्री अभय सागर, सागर एवं प्रभात सागर महाराज का चातुर्मास बंधाजी में हो चुका । 2019 में दुर्लभ मति माता सहित 9 आर्यिकाओं का चातुर्मास बंधाजी में हो चुका है । इसी वर्ष नवाचार्य समय सागर महाराज का ढाई महीने का मंगल सानिध्य बंधाजी को प्राप्त हुआ था । 2021 में विमल सागर सहित पांच मुनिराजों का चातुर्मास बंधाजी को प्राप्त हुआ। 2023 मे मुनिश्री विनम्र सागर ससंघ का चातुर्मास बंधाजी को प्राप्त हुआ। बंधाजी में रजत मंदिर का निर्माण कार्य गति पकड़े इसी भावना से आचार्य समय सागरमहाराज की आज्ञा से मुनिराज एवं आर्यिकाओ का सानिध्य लगातार मिलता आ रहा है।

# मारपीट व धमकाने के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा



## दो दोस्तों ने थाना कोतवाली में शिकायत की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

रविवार की रात मऊचुंगी पेट्रोल पंप के पास निवासी फरियादी ध्रुव प्रताप सिंह पुत्र उदयभान सिंह परमार सहित उनके दो दोस्तों ने पुलिस थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि 40-50 लोगों ने गाली गुप्तार कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने व उनकी कार की तोड़-फोड़ करने पर थाना कोतवाली में मामला कायम किया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपियों का जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।


प्राप्त जानकारी अनुसार 14 जुलाई 24 को रात 10.00 बजे मउचुंगी पेट्रोल पंप पर फरियादी ध्रुव प्रताप सिंह पुत्र उदयभान सिंह परमार 26 वर्ष निवासी ग्राम कडेसराबासी थाना तालबेट जिला ललितपुर उ०प्र० व उसके दो दोस्तो के साथ मउचुंगी के 40-50 व्यक्तियो द्वारा एक राय होकर गाली गुप्तार कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने व उनकी कार की तोड़ फोड करने पर थाना कोतवाली में मामला कायम किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश पुलिस अधीक्षक टीकमगढ रोहित काशवानी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक के नेतृत्व में उक्त आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस टीम गठित की गई।

जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा मंगलवार 16 जुलाई 2024 को मुखबिर की सूचना पर मउचुंगी एवं नजरबाग के पास टीकमगढ से 9 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस अभिरक्षा में लिए गए आरोपी में अब्दुल आरिफ पुत्र अब्दुल अब्बास 24 वर्ष निवासी मउचुंगी टीकमगढ, अब्दुल आशिक पुत्र अबदुल अब्बास खांन 25 वर्ष निवासी मउचुंगी थाना कोतवाली, मोहम्मद जुबेर पुत्र मोहम्द शकील खांन 23 वर्ष निवासी मउचुंगी, अब्दुल फरीद पुत्र अब्दुल सईद खांन 42 वर्ष मउचुंगी, अनवार पुत्र मकबूल खांन 26 वर्ष निवासी मउचुंगी, सुरेन्द्र पुत्र राजेश यादव 32 वर्ष निवासी मउचुंगी, आसिफ अली पुत्र असगर अली 25 वर्ष निवासी मउचुंगी , अकरम अली पुत्र असगर अली 27 वर्ष निवासी पुराना बस स्टेण्ड , हसीन खांन पुत्र हसन खांन 27 साल निवासी सैल सागर बधान मुहल्लाटीकमगढ को गिरफ्तार किया गया एवं उक्त आरोपियो को पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय पेश किया गया।

इसी के साथ पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ की जनता से अपील है कि सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट न डाले जिससे शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो। भ्रामक, आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के विरूध्द विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## सीएमओ के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन, भाजपा और कांग्रेस के पार्षद हुए एक जुट

# आपसी सामंजस्य नहीं बनने के कारण नगर विकास पर लगा ब्रेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जनप्रतिनिधियों व शासकीय सेवकों में सामंजस्य न होने के कारण नगर को मानो ब्रेक ही लग गया है। ऐसे नगर का संपूर्ण विकास रूका हुआ है। अभी हाल ही में नगर पालिका परिषद की पीआईसी सदस्यों की बैठक नहीं हो पा रही है। जबकि नगर पालिका अध्यक्ष तीन बार पत्राचार कर चुके हैं। इसके बावजूद सीएमओ एजेंडा जारी नहीं कर रही हैं। जिस पर उपाध्यक्ष सुषमा संजय नायक का कहना है कि ऐसे में जब सीएमओ बैठक करने में रुचि नहीं दिखा रही हैं तो शहर विकास कैसे होगा। नगर पालिका अधिनियम की धारा- 89 के तहत कार्रवाई के लिए परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है।

उपाध्यक्ष नायक ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक ने 14 जून को नोटशीट के माध्यम से सीएमओ को लिखा था कि पीआईसी की बैठक बुलाई जाए। इसी के तहत को पीआईसी सदस्यों ने 20 जून नगर पालिका परिषद की बैठक करनी चाही लेकिन बैठक में सीएमओ उपस्थित नहीं रहीं। अगले दिन सीएमओ ने 21 जून को पत्र देकर सभी विभागों को निर्देशित किया कि 24 जून तक सभी कार्य आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिस पर अध्यक्ष ने 26 जून को पीआईसी की बैठक करने का निर्णय लेकर सीएमओ को एजेंडा जारी करने के लिए लिखा, लेकिन सदस्य बैठक की सूचना का इंतजार करते रहे। इसके बाद फिर से 11 जुलाई को अध्यक्ष ने बैठक के लिए पत्र दिया लेकिन बैठक नहीं हो सकी। इस पर जन चौपाल होने की बात कही गई। बैठक में नगर विकास से जुड़े 70 बिंदुओं पर विचार करके उन पर सहमति दी जानी है लेकिन सीएमओ गीता मांझी के द्वारा बैठक नहीं कराई जा रही।

उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्क निर्माण की दर, अमृत 2.0 योजना कार्य, सीसी सड़क और नाली निर्माण, डिवाइडर की पेंटिंग का कार्य, स्टेडियम निर्माण, वाडों में पेवर्स लगांना, रिक्त पदों की पूर्ति, मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण, वृक्षों के क्रय करने की स्वीकृति, स्ट्रीट लाइन सुधार व सामग्री क्रय, एएचपी आवास निर्माण सहित अंबेडकर से नए बस स्टैंड सड़क मार्ग निर्माण इसके अलावा रिनुवल पर विचार किया जाना है।

### कलेक्टर सहित नपाध्यक्ष के नाम सौंपे ज्ञापन :

इस संबंध में कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने नगर पालिका दफ्तर पहुंचकर सीएमओ गीता मांझी को पत्र सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की मुख्य नगरपालिका अधिकारी गीता मांझी द्वारा लेखाओं के त्रिमासिक पत्रक प्रस्तुत नहीं किये जाने एवं अन्य प्रकार की अनिमित्ताओं के संबंध में परिषद एवं पीआईसी की अवमानना करने के कारण नगरपालिका अधिनियम की धारा- 89 के अन्तर्गत कार्यवाही के लिए परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाई जाये । इस दौरान नगर परिषद के 26 पार्षद मौजूद रहे जिनमें नपा उपाध्यक्ष सुषमा नायक, वार्ड 3 के पार्षद बृजकिशोर तिवारी, वार्ड 6 से पूनम रजनी जायसवाल, वार्ड 21 के अभिषेक खरे रानू, वार्ड 4 की मधु नायक, वार्ड 19 की डॉ. अल्मीनाज बानो, वार्ड 12 चन्द्रप्रभा संजू झा, 11 से जशवंत बाल्मिकी, 25 से रामकुमार यादव, 24 से लक्ष्मी प्रजापति, 14 से ऊषा सुरेन्द्र सोनी, 7 से हबीब अहमद राईन, 5 से हरिबाई प्रजापति, 18 से अजय यादव, 23 से समा परवीन, 26 निकिता प्रजापति, 7 घनश्याम साहू, 16 आरती साहू, 27 से राखी यादव, 15 से अनीस अहमद, 8 से अंशुल जैन, 2 से अरविन्द रजक, 1 से छीता बाई कुशवाहा, 13 देवीलाल अहिरवार, 17 से राजीव जैन व वार्ड नंबर 10 से नफीसा बानो मौजूद रहीं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

मेरे द्वारा कोई बैठक नहीं रोकी जा रही है लेकिन नगर पालिका की शाखाओ से मांग आनी चाहिए तब एजेंडा तैयार होगा और बैठक बुलाई जाएगी।
**गीता मांझी,** सीएमओ नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़

# जंगल में अतिक्रमण नहीं रोक पा रहा वन विभाग का अमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण का खेल जारी है। जहां भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों से लगी विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कागजी खानापूर्ति के लिए पुराना अतिक्रमण करना बताया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

जहां कर्मचारियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारी जंगल के आसपास खेत बनाकर खेती कर रहे हैं। जंगल काटकर वन विभाग की जमीन पर असरदार लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर खेत बना लिए गए हैं।

सिंगरामपुर के किसान रामनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि शमशाबाद वन परिक्षेत्र के भगवानपुर, बरोदिया, भियांखेड़ी, पिपरोधा, बांसखोह, सिंगरामपुर के जंगल में बागड़ लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है कुछ जगह वन भूमि में खेती की जा रही है। डीएफओ ओमकार सिंह मार्सकुले का कहना है कि एसडीओ के द्वारा अभी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिन गांव में अतिक्रमण किया गया है उन्हे हटाया जाएगा।

### विट्ठलनगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया

**विदिशा।** शहर की विट्ठल नगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक बैल को रस्सी से बांधकर छोड़ दिया था। बेल का मुंह भी रस्सी से बंधा था और चारों पैर बंधे हुए थे। जिससे न वह कुछ खा पा रहा था। बैल की हालत भी खराब होती जा रही है, आसपास के लोगों ने इस आपत्ति जताई है। वही कोलोइनाइजर के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है। कॉलोनी में कवर्ड कैंपस होने के बावजूद भी इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। वहीं कॉलोनी में रेरा टीएन सीपी तमाम प्रकार के नियम होने के बावजूद भी लगातार नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसको लेकर रहवासी परेशान है और कॉलोनाइजर के साथ-साथ इन अपराधियों पर भी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

### योजनाः 124 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना अंतर्गत विदिशा जिले की जनपद पंचायत कुरवाई, ग्यारसपुर, बासौदा और नगरपालिका परिषद सिरोंज व लटेरी में कुल 124 जोड़ों का विवाह हुआ जिसमें 37 निकाह भी शामिल हैं। वैवाहिक कार्यक्रम व निकाह हितग्राहियों के परिवारजनों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरे रीति रिवाजों से संपन्न कराए गए।

### तीन प्रकरणों में जिलाबदर के आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा तीन प्रकरणों में जिला बदर तथा तीन अपराधियों को थाना हाजिरी के आदेश दिए गए हैं। रितिक उर्फ छिंगा रैकवार निवासी माता मंदिर वाली गली थाना कोतवाली को छः माह के लिए, सचिन अहिरवार निवासी शेरूबाबू अहिरवार निवासी पानी की टंकी के पास लोहांगी को 3 माह के लिए तथा रूपेश शर्मा पिता स्व. मोहन शर्मा निवासी दनवास थाना मुरवास को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। कलेक्टर द्वारा तीन अन्य आरोपियों जित्तू उर्फ जितेन्द्र कैवट पुत्र मुन्नालाल रेकवार निवासी सतपाड़ा सराय, मनीष पुत्र रामचरण कुशवाह निवासी आज्ञाराम कालोनी, कन्हैयालाल लोधी पिता बालाराम थाना करारिया को 50 हजार प्रतिभूति बंधपत्र निष्पादित करने एवं एक वर्ष के लिए संबंधित थाना में माह में दो बार थाना हाजिरी के आदेश दिए गए हैं जिलाबदर के आरोपी विदिशा, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ की सीमा से बाहर रहेंगे।

## स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और शिक्षा विभाग लक्ष्यपूर्ति में पीछे

# 15 दिन में लक्ष्यपूर्ति नहीं हुई तो होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आकांक्षी जिला व विकासखंड में लक्ष्यपूर्तियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए पर जोर देते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित छह पैरामीटर पर अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है। जिला अधिकारी इस ओर विशेष




पहल करें ताकि चिन्हित वर्ग के हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जा सकें और आवश्यता के अनुसार बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति की जा सकें। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि एवं शिक्षा विभाग के लिए निर्धारित तीन माह के लक्ष्यों की पूर्ति समय पर नहीं होने पर असंतोष जाहिर करते हुए इन विभागों के जिलाधिकारियों को सचेत किया है कि 15 दिन में शत प्रतिशत तिमाही लक्ष्यपूर्ति नहीं होते है तो जिलाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा स्वयं ही लक्ष्य निर्धारित किए गए थे इसके बावजूद उन लक्ष्यों की पूर्ति नहीं होना बड़ी लापवाही है।

### आदर्श गांवों पर फोकस

सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में चयनित पांच आदर्श गांवों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। जिले के पांच विकासखंडों के एक-एक ग्राम आदर्श ग्राम के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं। इन गांवों में रहने वाले नागरिकों को शासन की तमाम योजनाओं का लाभ दिया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि आदर्श गांवों के भ्रमण के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार से लापरवाही उजागर नहीं होना चाहिए।

### बाढ़ में डूब गया था बड़ौदा एसडीओपी कार्यालय, रिकॉर्ड भी हो गया था खराब

# बाढ़ के डर से बदला स्थान, अब कराहल से संचालित होगा एसडीओपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बड़ौदा स्थित एसडीओपी कार्यालय अब वर्षाऋतु के पूरे सीजन में बडौदा की जगह कराहल से संचालित होगा और एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना अब कराहल में ही बैठकर पूरे सब डिवीजन के थानों की मॉनीटरिंग करेगे। दरअसल बड़ौदा स्थित एसडीओपी कार्यालय पिछले दिनों आई बारिश के दौरान बाढ़ में डूब गया था और कार्यालय का रिकॉर्ड भी खराब हो गया था। अब दोबारा एसडीओपी कार्यालय बाढ़ में न डूबे,इसलिए एसडीओपी कार्यालय को कराहल में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना मोहर्रम के बाद विधिवत बैठना शुरू कर देगे।

पुलिस विभाग का बडौदा एसडीओपी कार्यालय भवन बडौदा स्थित पुलिस थाने के पास बना हुआ है। इसी भवन में एसडीओपी का निवास भी हुआ है। लेकिन यह भवन सडक से थोडा नीचे बना हुआ है। जिसकारण एसडीओपी कार्यालय और बंगले में बारिश का पानी भर जाता है। पिछले दिनों बारिश के दौरान बडौदा कस्बे में आई बाढ में एसडीओपी कार्यालय और बंगला दोनों डूब गए थे। जिससे कार्यालय का रिकॉर्ड भीग गया था, हालांकि कार्यालय के कर्मचारियों ने किसी तरह कम्प्यूटर सहित अन्य जरूरी रिकॉर्ड को निकाल लिया था,लेकिन कुछ रिकॉर्ड पानी में भीगने से खराब हो गया था। हालांकि पुलिस विभाग के द्वारा बाढ के कारण बिगडी एसडीओपी कार्यालय भवन की स्थिति को ठीक किया जा रहा है, लेकिन अब यदि बडौदा में बाढ के हालात निर्मित फिर निर्मित हुए तो उसमें एसडीओपी कार्यालय का फिर से डूबना तय है। इसलिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने बडौदा एसडीओपी कार्यालय को कराहल में संचालित कए जाने के लिए निर्देश जारी कर दिए। पुलिस सूत्र बता रहे है कि अब वर्षाऋतु के दौरान बडौदा एसडीओपी का कार्यालय, कराहल से ही संचालित होगा।



#### कराहल थाना परिसर में चलेगा कार्यालय

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशों के बाद एसडीओपी कार्यालय बडौदा को कराहल में शिफ्ट कर दिया गया है। कराहल थाना परिसर स्थित ऊर्जा हेल्प डेस्क के भवन में एसडीओपी कार्यालय संचालित होगा। जहां कार्यालय का कम्प्यूटर सिस्टम सहित अन्य विभागीय रिकॉर्ड पहुंच गया है। वहीं अन्य तैयारियां भी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि मोहर्रम की सुरक्षा व्यवस्था से फ्री होने के बाद एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना कराहल में बैठना शुरू कर देंगे।

#### काफी समय से उठ रही कराहल में एसडीओपी कार्यालय की मांग

वैसे कराहल क्षेत्र के लोग काफी समय से एसडीओपी कार्यालय को कराहल में संचालित किए जाने की मांग उठा रहे है। क्षेत्रीय लोगों की यह मांग विधानसभा तक भी पहुंच गई है। बृजराज सिंह चौहान जब श्योपुर के विधायक थे, तब उन्होंने कराहल क्षेत्र के लोगों की इस मांग को विधानसभा में भी उठाया था। वैसे कराहल क्षेत्र के लोगों की यह मांग जायज भी है क्योंकि जब एसडीएम कार्यालय कराहल में संचालित हो रहा था, तो फिर पुलिस विभाग का एसडीओपी कार्यालय भी यही संचालित होना चाहिए। दूसरी बात यह भी है कि एसडोपी बड़ौदा के अधीन पांच थाने आते है, पांच में से चार थाने तो कराहल के आसपास ही मौजूद है,जिनकी मॉनीटरिंग कराहल में एसडीओपी कार्यालय होने से बेहतर होने की उम्मीद है और इन चारो थाना क्षेत्र के लोगो को भी सुविधा होगी,क्योंकि अभी चार थाना क्षेत्र के लोगो को एसडीओपी स्तर के पुलिस संबंधी काम के लिए बड़ौदा जाने की अनावश्यक दूरी तय करनी पड रही है।

#### पांच थाने आते है बडौदा में

बता दें कि बड़ौदा सब डिवीजन के अंतर्गत पांच पुलिस थाने आते है। जिनमें बड़ौदा, आवदा, कराहल, बरगवां और सेसईपुरा थाना शामिल है। बड़ौदा में एसडीओपी कार्यालय होने से सिर्फ दो थाने बडौदा और आवदा ही नजदीक रहते थे और तीन थाने कराहल,बरगवां और सेसईपुरा काफी दूर थे। लेकिन कराहल में एसडीओपी के बैठने से अब दूर के जो तीन थाने कराहल,बरगवां और सेसईपुरा सीधे एसडीओपी के नजर में रहेगे। वहीं आवदा भी ज्यादा दूर नहीं रहेगा। सिर्फ एक मात्र बड़ौदा थाना ही दूर हो जाएगा।

#### इनका कहना

बाढ़ के दौरान बड़ौदा एसडीओपी कार्यालय डूब गया था। जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हुआ है। इसलिए अब वर्षाऋतु के दौरान बड़ौदा एसडीओपी कार्यालय कराहल से ही संचालित किया जाएगा।

**अभिषेक आनंद**
**एसपी,श्योपुर**

---

### आज निकलेगा ताजियों का मातमी जुलूस, एक सैकड़ा बाउंड ओवर


# 17 नहीं इस बार निकलेंगे 14 ताजिए बैठक में व्यवस्था पर बनी सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ताजियों का मातमी जुलूस बुधवार को निकाला जाएगा। इस बार हमेशा की तरह बाजार में 17 नहीं बल्कि 14 ताज़िए निकाले जाएंगे। तीन ताजियों को ताजिए दारों ने किन्ही कारणों से बंद करने की सूचना प्रशासन को दे दी है। इस संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में त्योहार को लेकर व्यवस्थाओं पर सर्वसम्मति बनी। उधर एसपी अभिषेक आनंद के निर्देश पर पुलिस ने एक सैकड़ा के करीब लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बाउंड ओवर किया है।

मोहर्रम माह इस्लामी कैलेंडर का शुरुआती माह है। इस महीने को मुस्लिम समाज मुबारक महीना मानते हुए दान-पुण्य भी करता है। मुस्लिम समाज में ही एक वर्ग ऐसा भी है जो इस माह को मातमी रूप से मनाता है। इस माह में होने वाली हृदय विदारक घटना में पैगंबर हजरत मोहम्मद सल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार को शहीद किया गया था। इस घटना को मोहर्रम माह से जोड़कर मुस्लिम समाज का एक तबका मातमी पर्व के रूप में मनाकर ताजिए निकालता है। गुरूवार को निकाले जाने वाले ताजिए इस बार 17 के बजाए 14 ही निकाले जाएंगे, मुस्लिम समाज की तीन पंचायतों ने किन्ही कारणों से ताजिया नहीं निकालने की घोषणा की।

शहर के सभी ताज़िए विभिन्न इमाम बाड़ों से चलकर दोपहर 12 बजे तक बाजार में पहुंच जाएंगे। 2 बजे तक ताजिए सुबात चौराहे से मोती टिकिया वालों तक अपना मुकाम ले लेंगे। 2 बजे के बाद ताजिए करबला की और रवाना हो जाएंगे। शांति समिति की आयोजित हुई बैठक में दोनों समुदायों ने प्रशासन को शांति पूर्वक त्यौहार मनाने का आश्वासन दिया है और टोड़ी गणेश मंदिर से अंतिम ताजिया सूर्यास्त से आधा घंटा पहले निकाले जाने का आश्वासन मुस्लिम समाज ने दिया है। उधर हिन्दू समाज ने भी मंदिर पर आरती या दूसरे आयोजन तब तक नहीं करने की बात कही जब तक की सभी ताजिए मंदिर क्षेत्र से बाहर न निकल जाए। इस दौरान टोड़ी गणेश मंदिर पर पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम करते हुए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे।



#### लोगों से पुलिस ने भरवाए प्रतिज्ञा पत्र

ताजियों के जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी अभिषेक आनंद के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने एक सैकड़ा के करीब लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाउंड ओवर किया है। इन लोगों से पुलिस ने प्रतिज्ञा पत्र भरवाए हैं, जिसमें उल्लेख है कि ताजियों के जुलूस के दौरान पूरे समय शांति व्यवस्था हम बनाए रखेंगे और हमारे सभी सहयोगी भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। अगर त्योहार के दौरान कहीं कोई गड़बड़ी या उपद्रव होता है तो उसके लिए हम पूरी तरह जिम्मेदार होंगे। इस तरह के प्रतिज्ञा पत्र भरवाने के बाद अब पुलिस की नजर उन असामाजिक तत्वों पर है जो हर साल ताजियों के त्योहार पर असामाजिक गतिविधियां करते रहे हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसे असामाजिक तत्वों की सूची अपने मुखबिरों के माध्यम से तैयार कर ली है लेकिन उन पर कार्रवाई तभी होगी जब जुलूस में कोई गड़बड़ी दिखेगी।

---

# प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी महिला समझाइश के बाद पिता के साथ चली गई

**तीन दिन पहले लापता हुई विवाहिता महिला प्रेमी के साथ लौटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

कस्बे के थाना मोहल्ले से तीन दिन पहले लापता हुई एक विवाहिता महिला मंगलवार को अपने प्रेमी के साथ थाने आ गई। हालांकि उसे घर ले जाने के लिए ससुरालीजनों के साथ मायके पक्ष के लोग भी समझाइश देने के लिए थाने आ गए। लेकिन प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अडी महिला ने एक बार को साफ कह दिया कि वह मर जाएगी, लेकिन न तो मायके जाएगी और न ही पति के साथ ससुराल। बाद में समझाइश के बाद महिला अपने पिता के साथ जाने के लिए राजी हो गई।

पुलिस के मुताबिक विजयपुर के थाना मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय महिला निशा गत 13 जुलाई को अपनी ससुराल से लापता हो गई। उसके ससुर की शिकायत पर विजयपुर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। इसके बाद महिला मंगलवार को अपने प्रेमी आशीष आर्य के साथ थाने आ गई। जिसकी खबर मिलने पर महिला के ससुराल और मायके पक्ष के लोग भी थाने पहुंच गए। जो महिला को समझाइश देकर घर ले जाने के लिए मनाने लगे। लेकिन महिला ने साफ कह दिया कि अब न तो ससुराल जाएगी और न ही मायके। अब तो वह अपने प्रेमी के साथ अपनी एक अलग दुनिया बसाएगी। विजयपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि प्रेमी के साथ जाने की जिद पर काफी देर तक अड़ी रही महिला अपने पिता के साथ जाने के लिए तैयार हो गई। जिसके बाद हमने एसडीएम न्यायालय में पेश कर उसे पिता के साथ जाने दिया।

## 19 को उपचुनाव का शंखनाद करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विधानसभा उप चुनाव को लेकर कांग्रेसी सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस से दल बदल कर भाजपा सरकार में मंत्री बने रामनिवास रावत को चुनाव में हराने के लिए कांग्रेसी दिग्गज 19 जुलाई को कराहल में बैठक करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान ने प्रेस नोट जारी कर दी। चौहान ने बताया कि विजयपुर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को जीतने के लिए कांग्रेसी अपनी ताकत झोंक देंगे। इसकी शुरुआत शुक्रवार को कराहल से होगी। कराहल में कांग्रेस दिग्गज पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ,अशोक सिंह , जयवर्धन सिंह, फूलसिंह बरेया, लाखन सिंह, दिनेश गुर्जर, नीटू सिकरवार, पंकज उपाध्याय, कैलाश कुशवाह आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होंगे।

#### निपुण भारत मिशन की बैठक आयोजित

श्योपुर। निपुण भारत मिशन अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र कराहल में ब्लॉक स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बीआरसी अजय रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निपुण प्रोफेशनल सुरेश कुमार सहित सभी बीएसी, एमआरसी, सीएसी आदि उपस्थित थे। बैठक में निशुल्क पाठ्य पुस्तक, नव प्रवेश, नामांकन, पीएम पोषण तथा प्रशस्त एप पर चर्चा की गई।

# शहर में बोहरा समुदाय ने निकाला मातमी जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोहर्रम माह की 10 तारीख बोहरा समुदाय ने गम के रूप में मगंलवार को मनाई। इस अवसर पर बाजार में मातमी जुलूस भी निकालकर शौदाए करबला को याद किया। मोहर्रम की 10 तारीख को पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 परिजनों को 1400 साल पहले इराक के शहर करबला में शहीद कर दिया गया था। इस शहादत को मुस्लिम समुदाय बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाता है। शिया दाउदी बोहरा समाज उस घटना को याद कर मातम करता है। विगत 10 दिनों से समाज की मस्जिद में मातम किया जा रहा है। मंगलवार को बोहरा समाज के सभी महिला पुरूष और बच्चों ने भी रोजा रखकर मातम किया। दोपहर 3:30 बजे सुबात चौराहे से मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल बुजुर्ग, जवान व बच्चे या हुसैन, या हुसैन कहते हुए छाती पीटते चल रहे थे। जुलूस बोहरा बाजार होते हुए मस्जिद में पहुंचा। शाम मगरीब की नमाज के बाद हजरत इमाम हुसैन की शहादत पढ़ी गई। इसके बाद रोजा खोला गया।

# वन भूमि पर कब्जा कर बनाया खेत रोकने गई फॉरेस्ट टीम को धमकाया

**अजाक थाना पुलिस ने दर्ज किया केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर क्षेत्र में वन विभाग की सिमरई वीट में मौजूद वन विभाग की जमीन पर नामजद लोगो ने न केवल कब्जा कर खेत बना लिए, बल्कि रोकने के लिए पहुंची फॉरेस्ट टीम को धमकाते हुए मारने पीटने पर आमदा हो गए, संबंधित वीट का फोरेस्ट गार्ड अनुसूचित जाति वर्ग का व्यक्ति है। इसलिए इस मामले में अजाक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

अजाक थाना पुलिस ने बताया कि वन विभाग की सिमरई वीट में ग्राम सिमरई निवासी एक ही परिवार के लोगो ने वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए वहां खेत बना लिए। जब संबंधित वीट का फोरेस्ट गार्ड सीताराम जाटव अपनी विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचा और प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों के द्वारा जबरदस्ती किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा। इस पर आरोपी आग बबूला हो गए और गाली गलौज करते हुए हाथो में लाठी डंडे लेकर वन विभाग की टीम की मारपीट करने के लिए आ गए। मौके की स्थिति को देखकर वन विभाग की टीम दबे पांव लौट आई और फिर विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले की शिकायत दर्ज करने के बाद अब अजाक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजाक थाना टीआई राकेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में फोरेस्ट गार्ड सीताराम जाटव की रिपोर्ट पर विजय पुत्र रामदयाल यादव, उत्तम पुत्र रामसिंह यादव, सहदेव पुत्र उत्तम यादव, संदीप पुत्र विजय सिंह यादव निवा सिमरई के खिलाफ वन भूमि पर कब्जा करने और शासकीय कार्य में व्यवधान डालने, एससीएसटी एक्ट सहित अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# एबीवीपी ने कुलपति के नाम कॉलेज प्राचार्य विजयपुर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विजयपुर के कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को विजयपुर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा। बता दें कि विगत दिनों बीएससी तृतीय वर्ष का रिजल्ट घोषित हुआ है उसमें फाउंडेशन विषय में विद्यार्थियों को एटीकेटी दी गई है। ज्ञापन में एबीवीपी विजयपुर के नगर मंत्री अभय वैष्णव ने बताया कि विश्विद्यालय ने प्रश्नों के उत्तर ही गलत दिए थे जिससे विजयपुर के 180 विद्यार्थियों की एक ही विषय फाउंडेशन में एटीकेटी आई है एबीवीपी उन विद्यार्थियों के साथ है तथा उनके रिज़ल्ट सुधार की मांग उठा रही है। ज्ञापन के माध्यम से 7 दिन में रिजल्ट सुधार की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान राहुल वैष्णव, हर्ष जादौन, दुर्गेश बैरागी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



---

### जनहितैषी योजनाओं में मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं अधिकारी: कलेक्टर

# जनसुनवाई में पहुंची महिला बोली, साहब पात्र होकर भी खुले में रहने को मजबूर, कलेक्टर ने दिलवाया पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जनहितेषी योजनाओं में अधिकारी मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए काम करें, यह बात कलेक्टर लोकेश कुमार ने जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों को उस समय निर्देशित करते हुए कही जब एक आदिवासी महिला ने उन्हें बताया कि उसके पास रहने को घर नहीं है, वह पीएम आवास योजना के लिए पात्र होते हुए भी आसमान तले सोने को मजबूर है। हालांकि कलेक्टर के निर्देश पर उक्त महिला को तत्काल जनमन योजना के तहत पीएम आवास स्वीकृत किया गया।

जनसुनवाई में पहुंची मीना पत्नी राजाराम आदिवासी निवासी ककरधा ने कलेक्टर को बताया कि उसने पीएम आवास योजना के लिए आवेदन किया है लेकिन अधिकारी उसे योजना का लाभ नहीं दे रहे हैं जबकि वह योजना के लिए पूरी तरह पात्र है। इस संबंध में कलेक्टर ने उक्त महिला को जनमन योजना के तहत पीएम आवास का लाभ क्यों नहीं दिया पूंछे जाने पर संबंधित अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे सके कलेक्टर ने मौजूद सभी जिला अधिकारियों को जनहित हितेषी योजनाओं में मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह बड़ी चूक है कि एक आदिवासी सहरिया महिला जो जनमन योजना के लिए पूरी तरह पात्र है जिसे पीएम आवास मौके पर ही जाकर स्वीकृत करना था वह आज जनसुनवाई में आकर आवास मांग रही है। कलेक्टर ने महिला को पीएम जनमन योजना के तहत तत्काल आवास स्वीकृत करने एवं प्रथम किस्त की राशि 50 हजार रूपये जारी करने के निर्देश दिये गये, जिस क्रम में आवास प्रभारी जिला पंचायत सारिका पाटीदार द्वारा आवास पोर्टल के माध्यम से आवास की स्वीकृति प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर प्रथम किस्त की राशि बैंक खाते में प्राप्त हो जायेगी। इसी क्रम में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग कलेक्टर के निर्देश पर राजेन्द्र माहौर निवासी माखनाखेडली को ट्रायसिकल प्रदान की गई। ग्राम सोईकला निवासी गजानन्द पांचाल ने कलेक्टर को परेशानी बताते हुए कहा कि वह निराश्रित बुजुर्ग है उसकी आजीविका का सहारा नहीं नहीं है। कलेक्टर के निर्देश पर बुजुर्ग को आजीविका चलाने के उद्धेश्य से सामाजिक न्याय विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए बुजुर्ग पांचाल की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कर दी, तथा अवगत कराया कि अगले माह से पेंशन की राशि 600 रूपये बैंक खाते में माध्यम से मिलना शुरू हो जायेगी। इस दौरान 211 लोगों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को अपनी फरियाद सुनाई जिनमें से अधिकतर का निराकरण मौके पर ही किया गया।



#### जनपद सदस्य ने की पंचायत सचिव की शिकायत

जनपद सदस्य कराहल ममता जारोलिया ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को बताया कि ग्राम पंचायत पनवाडा के पंचायत सचिव क्षेत्र में नही आते है और पंचायत भवन पर ताला लगा रहता है, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ कराहल को पंचायत सचिव के खिलाफ मिली शिकायत की जांच कर शिकायत सही पाए जाने पर कारवाई के निर्देश दिए हैं।

#### 24 घंटे में सीमांकन करने के निर्देश

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने श्यामपुर निवासी देवी प्रसाद गौड के आवेदन पर तहसीलदार वीरपुर को 24 घंटे के भीतर भूमि का सीमांकन करने के निर्देश दिए। आवेदक देवी प्रसाद गौड ने बताया कि उसके स्वामित्व की भूमि सर्वे क्र. 1278 रकबा 0.760 हेक्टयर पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। इस पर तहसीलदार वीरपुर को निर्देश दिये गये कि तत्काल सीमांकन कर कब्जा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसी प्रकार नारायण मीणा निवासी कोटा राजस्थान के आवेदन पर उसकी प्रेमसर (श्योपुर मप्र) स्थित भूमि का सीमांकन करने एवं कब्जा दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश नायब तहसीलदार प्रेमसर को दिये गये।

# स्कूलों का एमडीएम बंद कर कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाएं बोलीं, नहीं चलेगी ऐसी मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार की व्यवस्था किए गए बदलाव के खिलाफ महिला स्व सहायता समूह से जुडी महिलाओ ने मंगलवार को साझा चूल्हा बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। इस क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंची समूह से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्टर लोकेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार के मनमाना फैसले पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए कहा कि सरकार अपना निर्णय वापस नहीं लेगी तो महिलाओ का प्रदेश व्यापी आंदोलन और अधिक तेज होगा।

क्रांति समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि सरकार ने आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने की व्यवस्था में बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता बनाने के काम से स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों को जिम्मेदारी से मुक्त किया जा रहा है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने की जिम्मेदारी दी जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरकार ने इसकी शुरुआत कर भी दी है जिसके लिए प्रदेश के सभी संभागों से एक-एक परियोजना का चयन किया गया है, जहां पर शत प्रतिशत आंगनबाड़ियों पर भोजन नाश्ता पकाकर खिलाने का काम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका करेंगी सहायिका जहां रोटी सब्जी बनाने का काम करेगी वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पीडीएस दुकान से खाद्यान्न उठाव कराने सब्जी मंडी से सब्जी लाने बाजार से राशन लाने गेहूं पिसवाने आदि का काम करेगी बैंक से लेनदेन का काम भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जिम्मे रहेगा। ऐसी स्थिति में बच्चों को दी जाने वाली शाला पूर्व शिक्षा और आईसीडीएस की दूसरी गतिविधियां प्रभावित होना तय है। प्रांतिय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने कहा कि अगर सरकार अपने निर्णय पर अडिग रहती है तो महिलाएं पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर जाएंगी।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई केस दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी विवेक पुत्र रमेश शाक्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल एवं कपिल केशव कबीर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी बेनी बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलवीर आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजपुर निवासी दीपक साहु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू सेन,और कल्ला सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### ईसागढ़ तहसील के पास से चोर बाइक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम नैथाई निवासी हरिओम पुत्र ब्रजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर ईसागढ़ मे तहसील के सामने से उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी निक्की यादव पुत्र सुमेर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक चालक उदित कुशवाह ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर तारासदन स्कूल के सामने उसे टक्कर मार दी जिससे उससे चोटे आई है।

### कीटनाशक का सेवन करने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम हिनोतिया पछार निवासी एक 65 वर्षीय वृद्व ने शराब के नशे मे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। 65 वर्षीय वृद्व का नाम फूलसिंह अहिरवार है। परिवारजनो का कहना है कि उसे शराब की लत लग गई थी। जिसकी वजह से वह काफी परेशान था। तभी उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया उसके मुह से बदबू आ रही थी। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया जहा उसकी मौत हो गई।

### कायस्थ समाज ने किया पौधरोपण




**अशोकनगर।** कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष प्रियकान्त माथुर ने बताया कि आजसमाज के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा नये मंदिर स्थल पर अनेक महिलाओं ने पहुंचकर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया इस क्रम में महिलाओं ने अनेक फलदा, छायादार, फूलदार और कुछ शो के पेड़ लगाये और उन्हें बड़े होने तक सहेजने का भी संकल्प लिया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुधा श्रीवास्तव एवं महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष प्रीति सक्सेना की अगुआई में सानन्द सम्पन्न हुआ।
15 जुलाई फोटो न 01 कायस्थ समाज की महिला ईकाई ने पौधरोपण किया।

### सफाई मित्रों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**अशोकनगर।** ग्राम पंचायतों में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों की क्षमता वर्धन हेतु सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर यूनिसेफ द्वारा कार्यरत संस्था एसीई के सहयोग से सफाई मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को जनपद पंचायत मुंगावली के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमे स्टेट कंसल्टेंट पराग मेडके, डीसी एसवीएम सरिता बंसल, बीसी एसवीएम सतपाल सिंह जाट, आनंद पीटर यूनिसेफ स्पेशलिस्ट, सत्यप्रकाश आदि सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## गर्मी से परेशान होकर लोग विद्युत विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरे

# बंगला चौराहे का डीपी खराब, बिजली न मिलने पर ग्रामीणों ने लगा दिया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के बंगला चौराहे पर डीपी खराब होने और बिजली की समस्या के चलते ग्रामीणो ने चैराहे पर जाम लगाया। 30 मिनट तक चैराहे से वाहनो का आना जाना बंद रहा। जब बहादुरपुर थाना प्रभारी अरविन्द कुशवाह मौके पर पहुचे और जाम समाप्त कराया। इस दौरान सोमवार की दोपहर को गर्मी से परेशान होकर बंगला चैराहे के लोग विद्युत विभाग के खिलाफ सडको पर उतर आए। लगभग 100 से अधिक लोगो ने धरना दिया नारेबाजी की और कहा कि बंगला चौराहे के साथ साथ आस पास की कई डीपी खराब पडी है। जिसके कारण लोगो को बिजली नही मिल पा रही है। लोगो को दिन मे और रात मे अधेरे मे रहना पड रहा है। इन ग्रामीणो का कहना था कि बिजली विभाग के अधिकारियो को इस समस्या से बताया भी गया है। किंतु उनके द्वारा समस्या का कोई निराकरण नही किया जा रहा है। इस समस्या के निराकरण न होने के विरोध मे यह ग्रामीणजन सडक पर विरोध करते नजर आए।

जब इस विरोध की जानकारी बहादुरपुर थाना प्रभारी को लगी तो वह मौके पर पहुचे और उनके द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियो से चर्चा की गई और उन्हे ग्रामीणो के विरोध से अवगत कराया गया जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियो ने कहा कि वह कुछ देर मे वहा पहुच रहे है और जो भी ग्रामीणो की समस्या है उसका निराकरण किया जाएगा। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद लोगो ने अपना जाम समाप्त कर दिया और वह विघुत विभाग के अधिकारियो का इंतजार करते देखे गए। कुछ देर मे विघुत विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुच गए। इस दौरान ग्रामीणो ने इन अधिकारीयो को बताया कि उनका विद्युत ट्रासफार्मर खराब होने के कारण उन्हे बिजली नही मिल पा रही है। हम कई बार शिकायत कर चुके है। तब अधिकारियो का कहना था कि जितने भी ट्रांसफार्मर खराब है। उन्हे ठीक करने की कार्यवाही की जाएगी। एक ट्रांसफार्मर को आज ही शुरू कर दिया जाएगा। उसके बाद शेष ट्रांसफार्मर शुरू किए जाएगे। अधिकारियो के आश्वासन के बाद इन ग्रामीणो ने अपना जाम बंद कर दिया।



ज्ञात हो कि बंगला चैराहा अशोकनगर जिले के बडे चैराहो मे से एक है। यहा से तीन रास्ते निकलते है। एक रास्ता मुगावली की ओर जाता है। दूसरा रास्तो अशोकनगर की ओर आता है और तीसरा रास्ता विदिशा, भोपाल के साथ बीना सागर के लिए जाता है। जिसके कारण इस चैराहे पर रातभर और दिनभर वाहनो का आवागमन रहता है। जरा सी देर मे ही यहा वाहनो की कतारे लग जाती है। सोमवार को भी ऐसा ही हुआ। जब ग्रामीणो ने जाम लगाया। तब सडक के तीनो ओर वाहनो की कतारे लग गई। वाहन इतनी बडी संख्या मे खडे हो गए कि उन्हे जाम खुलने का इंतजार करना पडा। इस जाम के कारण एक एक कर सभी तरफो की सडको के वाहन निकाले गए। जिससे जाम खुल पाया। जाम को खुलने मे और रास्तो को सामान्य होने मे 30 से 45 मिनिट लग गए। जिले मे बिजली की कमी हमेशा बनी हुई है। ग्रामीण अंचलो को जोडने वाले रास्तो मे आए दिन बिजली गायब बनी रहती है। प्रतिदिन जिले मे कही न कही से बिजली की शिकायते आती रहती है। जबकि बिजली विभाग लगातार ग्रीष्मकाल से बिजली की लाइनो का रखरखाव करने मे लगा है। उसके बाबजूद भी यह स्थिति बनी है। जरा सी हवा चलती है और बिजली कडकती है। फाल्ट होते ही लाइट चली जाती है ऐसा आए दिन हो रहा है। अशोकनगर तहसील मुख्यालय था तब भी ऐसा ही होता था और जिला मुख्यालय है तब भी ऐसा ही हो रहा है।



## केवाईसी के नाम पर पीएम आवास की पहली किस्त ठगों ने निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

नरवर तहसील की देवरी खुर्द की रहने वाली एक महिला के खाते में आई प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त को महिला का अंगूठा लगवा कर दो अज्ञात ठगों ने उसके घर पहुंच कर निकाल लिया। महिला को इसकी जानकारी बाद में लगी। महिला ने इसकी शिकायत जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक देवरी खुर्द की रहने वाली कुसुम आदिवासी पत्नी दशरथ आदिवासी ने बताया उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। उसका आवास स्वीकृत भी हो गया था। 26 जून को उसके खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए आए थे। उसी दिन उसके घर बाइक पर सवार होकर दो युवक पहुंचे थे और उन्होंने केवाईसी करने की बात कही। इसके बाद दोनों ने उसका अंगूठा फिंगर प्रिंट मशीन पर लगवा लिया। फिर दोनों चले गए। इसके बाद में जब भी कुटीर बनवाने के लिए सामान खरीदने के लिए पैसे निकालने बैंक में पहुंची तो उसके खाते में एक भी रुपए नहीं था। बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि जिस दिन खाते में 50 हजार रुपए आए थे। उसी दिन टुकड़ों में सारी राशि निकल गई है। कुसुम बाई का कहना है कि बड़े जतनों के बाद आवास योजना के तहत कुटीर स्वीकृत हुई थी। हालांकि, वह ठगी का शिकार हो गई। इसके चलते अब वह कुटीर भी नहीं बनवा सकती है। ऐसे में अगर ठगी करने वाले दोनों आरोपी पकड़े जाते हैं तो उसके पैसे वापस मिल सकते हैं। इसके बाद वह अपनी कुटीर बनवा सकेगी। इसी के चलते मंगलवार को वह कलेक्ट्रेट कार्यालय अपनी फरियाद लेकर पहुंची है।



### जिलेभर में 9 स्थानों से हटाया गया अतिक्रमण

अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देशानुसार जिले में भू-माफियाओं को विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को जिलेभर में 9 स्थानों पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान 0.9840रकबा हेक्टयेर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया,जिसकी लागत 4 करोड 24 लाख रूपये है। इसी क्रम में तहसील अशोकनगर में शासकीय माध्यमिक शाला बेरखेडी तूमैन,मुंगावली में प्राथमिक विद्यालय भेड़का,ईसागढ़ में हाई स्कूल गहोरा एवं प्राथमिक विद्यालय सेमरखेडी,शाढौरा के प्राथमिक विद्यालय खिरियातेल,नईसराय के निजी भूमि,तहसील पिपरई में शासकीय माध्यमिक विद्यालय तमाशा एवं खेल मैदान मनहारी तथा तहसील बहादुरपुर के माध्यमिक विद्यालय इकोदिया से अतिक्रमण हटाया गया।

## अब जलभराव वाले क्षेत्रों में एसडीआरएफ की टीम ड्रोन से कर सकेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

एसडीआरएफ के पास पहले दो स्पीड बोट थीं, जिसमें और वृद्धि हो गई। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने एसडीआरएफ को न केवल एक बोट उपलब्ध कराई, बल्कि उनमें अलग से लगने वाले पांच इंजन भी उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों को आपस में बात करने के लिए 10 वॉकी-टॉकी एवं एक ड्रोन कैमरा भी टीम को दिलवाया है। अब यदि किसी जगह कोई पानी के बीच में फंसा है, यह सब देखने के लिए ड्रोन कैमरा भी मिल गया है, जो बड़ा मददगार साबित होगा।



### इन संसाधनों से लैस है शिवपुरी की एसडीआरएफ

शिवपुरी एसडीआरएफ के पास वर्तमान में तीन बोट हैं, जो अलग से इंजन लगाने पर चलती हैं। तीन वोट के लिए पांच इंजन है, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी बोट रुके नहीं। इसके अलावा लाइफ जैकेट 123, सर्चलाइट 2 व टॉर्च 14, एलईडी टॉर्च 10 के अलावा वाटर प्रूफ टेंट दो, नायलोन रस्सा 1200 फीट का, फोल्डिंग स्ट्रेचर 10 एवं 10 वॉकी-टॉकी भी टीम को उपलब्ध कराई गईं हैं।

## साहब! जिस जमीन पर सालों से रह रहे उसे उद्योग विभाग अपनी बता रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बैराड़ कस्बे के बरोद रोड के सैकड़ों परिवार मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में अपने आशियानों को बचाने के लिए पहुंचे। लोगों का कहना था कि जहां वे पिछले 24 साल से रह रहे हैं, वह जमीन अब उद्योग विभाग की बताई जा रही है, जिसमें सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे परिवारों ने बताया कि नगर परिषद बैराड़ के कालामढ़ के बरोद रोड के चारों तरफ सर्वे नंबर 898/3 के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में सैकड़ों परिवार वर्षों से रह रहे हैं। लोगों ने बताया की कि उद्योग विभाग सर्वे न. 898/3 के वार्ड क्रमांक 12, 13 में एवं बरोद रोड के आसपास 2 बार सर्वे औन नापजोख कर चुका है। सर्वे करने वालों से बस्ती के लोगों ने जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यह भूमि उद्योग विभाग की है, जिसमें से सभी बस्ती वालों को हटाया जाएगा। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र से बस्ती को हटाया जाता है, तो कई गरीब बेघर हो जाएंगे, इनके पास रहने की कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है। हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल चक्का जाम विरोध किया जाएगा।

### 5 दिन पहले हुई दुर्घटना में घायल ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**चंदेरी।** थाना क्षेत्र के विक्रमपुर चैकी अंतर्गत डुंगसरा नजदीक मेन रोड पर पिछले 11 तारीख की शाम करीब 5 बजे दो बाइको के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। जिसके चलते दोनों बाइक सवार लोगों के लिए चोट पहुंची थी। जिसमें से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे चंदेरी प्रथम उपचार के पश्चात जिला चिकित्सालय अशोकनगर रेफर किया गया था जहां हालत में सुधार न मिलने पर व्यक्ति के परिजन उसे झांसी के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे थे।



### स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग में आने पर सरपंच, सचिव एवं जीआरएस को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन द्वारा आनंदपुर ग्राम पंचायत में स्थित अतिथि गृह को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग में 191 अंक प्राप्त होने पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जीआरएस सहित टीम को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत जसैया के करीला गेस्ट हाउस का चयन होने से सरपंच सुनीता यादव, सचिव अरविंद यादव को सम्मानित किया गया। जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत प्राणपुर में स्थित अमराई रिसॉर्ट के लिए अध्यक्ष, सचिव को सम्मानित किया। साथ ही ग्राम पंचायत आवरी के सर्किट हाउस को चयनित कर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को सम्मानित किया गया। इस दौरान एसीईओ जिला पंचायत एन एस नरवरिया, सीईओ जनपद पंचायत ईसागढ़ आलोक इटोरिया,सीईओ जनपद पंचायत मुंगावली अशोक कुमार शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत चंदेरी गौरी शंकर राजपूत, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सरिता बंसल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी रहे।

## सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के प्रबंधन के साथ धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर के सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के प्रबंधन के साथ ईटीपी वाटर प्लांट के नाम से भोपाल की कंपनी ने 1 लाख 30 हजार की धोखाधड़ी कर की है। डॉक्टर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने कंपनी के मालिक सहित एक अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया है। सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ सुनील तोमर ने बताया कि हॉस्पिटल में ईटीपी वाटर प्लांट लगवाना था। इसके लिए भोपाल की भाव्या इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर जितेन्द्र राय ने संपर्क किया। ईटीपी वाटर प्लांट लगाने के लिए दो लाख 25 हजार की डील हो गई थी। इसमें से एक लाख तीस हजार खाते में भेज भी दिए गए थे। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी कंपनी द्वारा काम नहीं किया गया। इसके बाद एक लोहे के टेंक को भेजा गया। जो लोग टेंक लगाने आए वह भी 15 हजार लेकर चले गए थे। लेकिन भाव्या इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर ने




काम को नहीं किया। संपर्क करने के बाद काम नहीं करने और पैसे बापस भी नहीं करने की बात के साथ धमकी दी जा रही हैं। कोतवाली पुलिस ने डॉ सुनील तोमर की शिकायत पर भाव्या इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करायें। जिससे शिकायतें अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। यह निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि डी ग्रेड में आने वाली सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायत वाले विभाग शिकायत निराकृत कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। साथ ही कोई भी शिकायत नॉट अटेण्ड न हो यह सुनिश्चित करें। बैठक में समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि जाति प्रमाण से संबंधित शिकायतों का निराकरण करे। जाति प्रमाण के अभाव में कोई भी बच्चा स्कूलों में प्रवेश से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में जिले में संचालित अस्पतालों एवं नर्सिंग होम की फायर सेफ्टी किट की ऑडिट करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सांसद,विधायकों के पत्रों का जबाव भेजे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने छात्रावासों के निरीक्षण हेतु गठित रोस्टर अनुसार संबंधित अधिकारी तीन दिवस में निरीक्षण कर प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम हेतु राशि जारी किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। संत रविदास भवन के लिए भूमि आरक्षित किये जाने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने हेण्डपम्पों के आसपास पानी की रूकावट न हो इस हेतु पक्के सोकपिट निर्माण कराये जाने के निर्देश समस्त सीईओ जनपद पंचायत को दिए।



उन्होंने सड़कों के आसपास जो अतिक्रमण कर रखा है,उस अतिक्रमण को 7 दिवस में हटाये जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने एक पेड नाम अभियान के तहत समस्त विभागों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय स्कूलों से अतिक्रमण की कार्यवाही निरंतर की जाए। स्कूलों के अतिक्रमण हटाये जाने हेतु राजस्व दल के साथ संबंधित बीईओ साथ रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को समय पर किताबों का वितरण किया जाए यह सुनिश्चिच करें। बैठक में पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि हेण्डपम्पों एवं पेयजल स्त्रोतों में क्लोरिन डालने का कार्य प्रारंभ किया जाए।

साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों बने सोल्डरों को 07 दिवस में अतिक्रमण हटाये जाने के कार्यवाही संबंधित अधिकारी करें।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एनएस नरवरिया आदि लोग उपस्थित थे।

## एक पौधा अपनी मां के नाम मुक्तिधाम में लगाए पौधे



**अशोकनगर।** पिपरई कस्वे के वार्ड नम्बर चार के मुक्ति धाम पर एक पौधा अपनी माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमे नगर परिषद बिधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने पौधा रोपण करते हुए बताया कि मैने अपने ग्रह ग्राम सीगोन के फार्म हाउस पर अपनी पत्नी ज्योति धाकरे ने अपनी माँ फूलराज कुमारी वाई धाकरे ओर पिताजी स्व. सुरेश पटेल के नाम पौधरोपण कर लगभग एक सैकड़ा से अधिक पौधे लगाए है और मेरा हमेशा यह संकल्प रहता है कि जो पौधा लगाया है उसे सुरक्षित रखा जाए। और उसको पेड़ के रूल तक उसकी निरन्तर देखभाल हो। फार्म हाउस पर कई फलदार फूलदार सहित एक सैंकड़ा पौधे लगाए हैं।लोगों से भी अपील की है कि एक पेड़ तो अपनी माँ के नाम जरूर लगाए। पौधा लगा कर उसकी देखभाल जरूर करें। प्रत्येक ब्यक्ति अगर गम्भीरता से एक पौधा लगा ले और उसकी देखभाल कर पेड़ बना दे तो निशिचित ही पर्यावरण को सुधारने में काफी हद तक हम सब लोग सफल हो सकते है। इस मौके पर वार्ड सात पार्षद राजेश यादब,प्रदीप यादब पार्षद प्रतिनिधि,जगदीश चैधरी पार्षद प्रतिनिधि, ए आर आई उमेश अहिरवार,लाला राम आदिबासी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।